आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी जिले में प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं रबी सत्र की किसान पाठशाला के आठवें संस्करण के शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कृषि उन्नति के एक सौ पचास वर्ष पर 'खेती की बात खेत पर' नाम से इस प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं किसान पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने पिछले आठ वर्षों में कृषि विकास की दर को आठ दशमलव छह प्रतिशत से बढ़ा कर सत्रह दशमलव सात प्रतिशत तक पहुंचाया है।

गेहूं उत्पादन में पैंतीस प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश देश के अंदर दे रहा है जो देश में प्रथम है। कुल राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान इक्कीस फीसदी है। देश के कुल गन्ना उत्पादन का पचपन प्रतिशत अकेले उत्तर प्रदेश कर रहा है यानी उत्तर प्रदेश इसमें भी देश में नंबर एक पर है और हम लोगों ने अभी गन्ना किसानों को सौगात दी है उनके गन्ने की जो एमएसपी हम लोगों ने तय की वह चार सौ रूपए प्रदेश में तय की है। हमारा किसान उससे लाभ ले रहा है। पिछले आठ वर्ष में हम लोगों ने दो लाख बानवे हजार करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान अकेले गन्ना किसानों को किया है और प्रदेश में एक सौ बाइस चीनी मिलों का संचालन हो रहा है। इथेनॉल उत्पादन में आज उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उन्नत कृषि पर आधारित प्रदर्शनी को भी देखा।

****

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार लोकसभा में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने कार्य सलाहकार समिति में यह मुद्दा उठाया था, इसलिए सरकार को इस पर विचार करना होगा और यह देखना होगा कि नियमों के अनुसार चर्चा कैसे आयोजित की जाए।

सरकार ने अपना रूख स्पष्ट कर दिया था कि सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार विपक्षी दलों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालने के लिए चर्चा को तैयार हैं।

शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। श्री गांधी ने आशा व्यक्त की कि सदन में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए विपक्ष और सरकार के बीच पूर्ण सहमति होगी।

****

निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस संशोधन के बाद अब प्रदेश में गणना प्रपत्र छब्बीस दिसंबर तक जमा किए जा सकते हैं और मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन इकतीस दिसंबर को होगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिड्वा ने बताया कि संशोधित तिथियो के अनुसार अब 26 दिसंबर 2025 तक गणना प्रपत्र भरे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावलियों का आलेख प्रकाशन अब 31 दिसंबर 2025 को होगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। 31 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। प्रदेश के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी 2026 को किया जाएगा। प्रेमचंद गुप्ता आकाशवाणी समाचार गोरखपुर

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत आज भी विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन हुआ। एक रिपोर्ट–

तमिलनाडु से आये छठें समूह का वाराणसी पहुंचने पर पारम्परिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत दल के सदस्यों ने बताया कि काशी का आध्यात्मिक वातावरण उनके लिये अविस्मरणीय है। आज ही एक अन्य प्रतिनिधिमण्डल प्रयागराज पहुंचा, जहां पर दल का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। दल संगम की आभा देखकर प्रफुल्लित हो उठा। इस मौके पर उत्तर–मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गयी। वहीं काशी के नमो घाट पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों के विद्यालयों से आये हुए विद्यार्थियों के लिये प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाराणसी से मनीष सिंह एवं प्रयागराज से प्रवीण मिश्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

आंध्र प्रदेश के वर्ण कला अकादमी की महिला कलाकारों ने आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की यज्ञशाला में नृत्य संगीत के माध्यम से प्रभु श्रीरामलला की आराधना की। यज्ञशाला में पच्चानवे नृत्य साधिकाओं ने चार घंटे की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिये सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक जताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री का आज लातूर में निधन हो गया। वह इक्यानवे वर्ष के थे। श्री पाटिल ने आज सुबह साढ़े छह बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष और केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

****